संख्या- 5/2021/255/84-1-2021-87 /2019

प्रेषक,

प्रेमेन्द्र कुमार गुप्त
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक: 20 अप्रैल, 2021

विषय- वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-21 के लेखाशीर्ष "3475-अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें-106-भार और माप का विनियमन-03-अधिष्ठान व्यय" आदि के अन्तर्गत वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-121/निविमावि-लेखा-7(25)मांग/2020-21, दिनॉक 01.04.2021 के क्रम में एवं वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनॉक 22 मार्च, 2021 में निहित निर्देशों के अधीन, मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विधिक माप विज्ञान विभाग के अधिष्ठान पर होने वाले व्यय को वहन करने हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये प्राविधानित धनराशि कुल रू0-5426.21लाख (रूपये चौवन करोड़ छब्बीस लाख इक्कीस हजार मात्र) के सापेक्ष श्री राज्यपाल रू0- 5426.21 लाख (रूपये चौवन करोड़ छब्बीस लाख इक्कीस हजार मात्र) अनुदान संख्या-21 के लेखाशीर्ष "3475-अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें-106-भार और माप का विनियमन-03-अधिष्ठान व्यय" में विधिक माप विज्ञान विभाग के अधिष्ठान पर होने वाले व्यय को वहन करने हेतु अधोलिखित विवरण के अनुसार, निम्न शर्तों के अधीन आपके निवर्तन पर रखने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं:-

(धनराशि लाख रूपये में)

क्र0 सं0	**मानक मद संख्या व मद का नाम**	**वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में प्रावधान**	**विधिक माप विज्ञान विभाग हेतु आवंटित धनराशि**
1	**2**	**3**	**5**
1	**01-वेतन**	3800.00	3800.00
2	02-मजदूरी	5.00	5.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3	03-मंहगाई भत्ता	1140.00	1140.00
4	04-यात्रा व्यय	10.50	10.50
5	05-स्थानान्तरण यात्रा व्यय	2.50	2.50
6	06-अन्य भत्ते	1.00	1.00
7	07- मानदेय	0.01	0.01
8	08-कार्यालय व्यय	10.00	10.00
9	09-विद्युत देय	20.00	20.00
10	10-जलकर/जल प्रभार	2.00	2.00
11	11-लेखन सामग्री एवं फार्मो की छपाई	5.00	5.00
12	12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	9.00	9.00
13	13-टेलीफोन पर व्यय	3.00	3.00
14	15-गाडियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद	32.20	32.20
15	16-व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	1.00	1.00
16	17-किराया उपशुल्क एवं कर स्वामित्व	40.00	40.00
17	26-मशीने और सज्जा/उपकरण और संयत्र	30.00	30.00
18	42-अन्य व्यय	3.00	3.00
19	44-प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	5.00	5.00
20	45-अवकाश यात्रा व्यय	1.00	1.00
21	46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	5.00	5.00
22	47-कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्संबंधी स्टेशनरी का व्यय	10.00	10.00
23	49-चिकित्सा व्यय	20.00	20.00
24	51-बर्दी व्यय	1.00	1.00
25	52- पुनरीक्षित वेतन का अवशेष(राकीय)	----	----
26	55- मकान किराया भत्ता	250.00	250.00
27	56- नगर प्रतिकर भत्ता	---	---
28	58-आउटसोसिंग सेवाओं हेतु भुगतान	20.00	20.00
	योग	5426.21	5426.21

(रूपये चौवन करोड़ छब्बीस लाख इक्कीस हजार मात्र)

2- वित्तीय वर्ष 2021-22 के अन्तर्गत व्यवस्थित धनराशि से व्यय केवल चालू योजनाओं पर ही किया जायेगा और किसी भी दशा में नई मदों के कार्यान्वयन के लिये न किया जाय। इस आवंटित धनराशि में मुख्यालय के व्यय हेतु आवश्यक धनराशि रोक कर शेष अपने अधीनस्थ समस्त कार्यालयों को आवश्यकतानुसार धनराशि आबंटित कर दें तथा आवंटन की प्रति शासन को भी उपलब्ध करायी जाय। जनपद स्तर पर आहरण एवं वितरण अधिकारी होने की दशा में विभागाध्यक्ष स्तर पर एक मुश्त धनराशि का आहरण न किया जाय।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3- उक्त धनराशि को व्यय करने के पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल और फाइनेन्सियल हैण्ड बुक के नियमों तथा अन्य स्थाई आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति की आवश्यकता हो उनमें व्यय करने से पहले ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

4- शासकीय व्यय में मितव्ययिता नितान्त आवश्यक है। अत: व्यय करते समय मितव्ययिता के संबंध में जारी शासनादेश संख्या-सी0ए0-1132/दस-2004-मित-2004, दिनॉक 07 जनवरी, 2005 का विशेष रूप से पालन किया जाय।

5- व्यय की मानक मद 04-यात्रा व्यय के लिये आवंटित धनराशि के समक्ष होने वाले व्यय को इस प्रकार नियंत्रित (रेगुलेट) किया जाय कि नियत यात्रा भत्ता/ वाहन भत्ता का नियमित रूप से भुगतान सुनिश्चित हो सके।

6- कम्प्यूटर हार्डवेयर/ साफ्टवेयर के क्रय में शासन द्वारा समय समय पर निर्गत आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए नियमानुसार कम्प्यूटर हार्डवेयर/ साफ्टवेयर का क्रय किया जाय।

7- आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार से धनराशि का आहरण तत्काल आवश्यकता होने पर ही किया जायेगा। किसी भी दशा में धनराशि को आहरित कर बैंक/ डाकघर में जमा नहीं किया जायेगा।

8- जितनी भी वित्तीय स्वीकृतियॉ जारी की जाये तथा जो बिल कोषाधिकारी को भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जाय उसमें स्पष्ट रूप से पूर्ण लेखाशीर्ष (15 डिजिट कोड में) के साथ संबंधित अनुदान संख्या का भी उल्लेख अवश्य किया जाय।

9- बी0एम0-08 तथा बी0एम0-13 पर प्रतिमाह की 10 तारीख तक नियमित रूप से वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7, वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 तथा उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन को सूचना उपलब्ध करायी जाय। बजट मैनुअल के विभिन्न प्रपत्रों के माध्यम से भेजी जाने वाली सूचना तथा उसके संबंध में कैलेण्डर के संकलित प्रारूप का उल्लेख मुख्य सचिव के अर्धशासकीय पत्र संख्या-बी-1-3318/दस-22/98, दिनॉक 28.07.98 में किया गया है।

10- यह सुनिश्चित किया जाय कि व्यय को कड़ाई के साथ प्राधिकृत विनियोग के भीतर रखा जाय। विभागाध्यक्ष/ वित्त नियंत्रक, अपने स्तर पर वित्तीय स्वीकृतियों के समक्ष व्यय के अनुश्रवण की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगें तथा यदि किसी मामले में सीमाधिक व्यय दृटिगोचर हो अथवा किसी विनियोग की प्राथमिक इकाई के अधीन अनुपातिक आधार पर व्यय में किसी बडे अन्तर की सम्भावना मालूम पडे तो उसे तत्काल वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7, वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 तथा उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन के संज्ञान में लाया जाय।

11- वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या 3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनॉक 22 मार्च, 2021 में दिये गये दिशा निर्देशों का यथावत अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

12- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में आय-व्ययक की अनुदान संख्या-21 के अन्तर्गत लेखाशीर्ष "3475-अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें-106-भार और माप का विनियमन-03-अधिष्ठान व्यय" के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामें डाला जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

13- यह आदेश वित्त विभाग के उक्त कार्यालय ज्ञाप दिनांक 22 मार्च, 2021 द्वारा प्रदत्त अधिकारों के तहत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

प्रेमेन्द्र कुमार गुप्त
अनु सचिव।

संख्या- 5/2021/255/84-1-20-87 /2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट), प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3- महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश,प्रयागराज ।
4- वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- निदेशक, वित्तीय सांख्यकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- अनु सचिव,/आहरण एवं वितरण अधिकारी, खाद्य एवं रसद सचिव शाखा, उत्तर प्रदेश शासन।
7- राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (एन0आई0सी0) योजना भवन, लखनऊ।
8- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7, वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
9- नोडल अधिकारी, खाद्य एवं रसद /उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप विभाग,उ0प्र0 शासन।
10- खाद्य एवं रसद अनुभाग-3/लेखा अनुभाग, खाद्य एवं रसद विभाग/उ0सं0 एवं बाट माप अनुभाग-3
11- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(प्रेमेन्द्र कुमार गुप्त)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।